Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 122-01-2022 अंक 122

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

### आज का पंचांङ्ग----

आज का अंग्रेजी
दिनांक:---23.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके:---1943
सौम्यायन याम्यगोल:
ऋतु:---शिशिर
माह:---माघ
पक्ष:---कृष्ण पक्ष
तिथि:---पंचमी तिथि प्रात: 06:55 तक उपरांत षष्ठी तिथि
दिन:---रविवार
नक्षत्र:---उ.फ़ा.नक्षत्र दिन 09:14 तक उपरांत हस्त नक्षत्र
योग:---अतिगण्ड
करण:---तै
सूर्योदय :---प्रात: 06:39
सूर्यास्त : संध्या 05:21
सूर्य :---मकर राशि में
चंद्रमा :---कन्या राशि मे
आज का राहूकाल
संध्या:---04:30 बजे से
संध्या:---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट:---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभि. जीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास:---आज भगवान सूर्य नारायण को अर्घ देने से पिता से रिश्तो मे मधुरता होता है।



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति गठित, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव बने अध्यक्ष, कृष्णा प्रजापति को मिली महासचिव की जिम्मेवारी

## स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की बैठक, अमित केशरी को मिली कोष की जिम्मेवारी



मनोज कुमार यादव (अध्यक्ष )



कृष्णा प्रजापति (महासचिव)



डॉ संजय वर्णवाल ( कार्यकारी अध्यक्ष)



अमित कुमार केशरी (कोषाध्यक्ष )



डॉ संगीता चौधरी (उपाध्यक्ष)




ईशो सिंह (उपाध्यक्ष)



महेंद्र प्रसाद दूब (उपाध्यक्ष)

**अपेम लाइव: बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

भारतीय न्यास अधिनियम 1882 के तहत निबंधित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की बैठक पुस्तकालय भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं मुख्य ट्रस्टी मनोज कुमार यादव एवं संचालन ट्रस्टी महेंद्र प्रसाद दुबे एवं कृष्णा प्रजापति ने किया। बैठक में पुस्तकालय संचालन एवं पुस्तकालय विकास पर चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से पुस्तकालय संचालन समिति का पुनर्गठन किया गया। गठित कमेटी में पूर्व विधायक एवं ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी मनोज कुमार यादव को अध्यक्ष, राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक ईशो सिंह , महेंद्र प्रसाद दुबे एवं डॉ संगीता चौधरी को भी उपाध्यक्ष , कृष्णा प्रजापति को महासचिव, दयानंद चौरसिया को उप सचिव एवं अमित कुमार केशरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावे रितेश कुमार गुप्ता एवं नकुलदेव राणा को संगठन सचिव, शमशेर आलम को उपाध्यक्ष, राज आर्यन उर्फ छोटी को कार्यालय प्रभारी तथा भूपेंद्र प्रसाद यादव को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारणी समिति सदस्यों में रमेश ठाकुर, साधुशरण दास, किशुन यादव , सुरेंद्र रजक को शामिल किया गया है। बैठक में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए ढाई बजे का समय निर्धारित किया गया है। निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी को स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय की ओर से मुख्य ट्रस्टी सह अध्यक्ष मनोज कुमार यादव झंडोतोलन करेंगे। इसके लिए 9.40 पूर्वाहन का समय निर्धारित किया गया। बैठक में पुस्तकालय नियमित खोलने का प्रस्ताव लिया गया। सदस्यता शुल्क को लेकर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि नियमित सदस्य प्रति माह 100 रुपये का शुल्क जमा करेंगे। 6 मार्च को वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन करने का प्रस्ताव लिया गया। प्रत्येक तीन माह में कार्यकारिणी समिति की बैठक करने का प्रस्ताव लिया गया। सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया गया। पूर्व विधायक ने कहा कि कुछ कारण वश पुस्तकालय का संचालन ठीक से नही हो पाया था। लेकिन अब नई कमेटी का दायित्व है कि पुस्तकालय का नियमित संचालन के साथ साथ पुस्तकालय की ओर से शैक्षणिक एवम अन्य गतिविधि कराई जाए। कार्यकारी अध्यक्ष संजय वर्णवाल ने कहा कि पुस्तकालय का विकास एवं पुस्तकालय के माध्यम से बच्चों का शैक्षणिक विकास ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। बैठक में निबंधित सदस्यों के अलावे जग नारायण प्रसाद, कृष्णा प्रसाद केशरी, इंद्रदेव ठाकुर, भूपेंद्र यादव,राजेश केशरी, कैलाशपति सिंह, आकाश कुमार गुप्ता, आर के गुप्ता, रामचन्द्र पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।



बैठक मे शामिल पदाधिकारी व अन्य

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई 126 वीं जयंती

### अदम्य साहस के धनी थे नेताजी : रजनीश पाण्डेय

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती अत्यंत उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य चंद्रमोहन मिश्र एवं अभय कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने कहा कि अदम्य साहस के धनी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हमारे ने. ताजी सुभाष चंद्र बोस हम सबों का प्रेरणा स्त्रोत और हमारे पथ प्रदर्शक के रूप में हमेशा हमारे मानस पटल पर चित्रित रहेंगे। विद्यालय के आचार्य अभय कुमार सिंह ने कहा कि ने. ताजी अपने सुखी जीवन जीने की प्रक्रिया को छोड़कर अपने देश के लिए सब कुछ त्याग कर दिए और अपना संपूर्ण जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए लगा दिए। वहीं सुनीता कुमारी ने कहा कि अंग्रेजों के हृदय में नेताजी का भय व्याप्त हो गया था, जो अंग्रेजों ने स्वयं अपने वक्तव्य में व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन चंद्र मोहन मिश्र द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं आचार्या प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## हाई स्कूल बरियठ्ठा में बच्चों को पड़ा कोविड वैक्सीन का पहला डोज बच्चो में दिखा उत्साह

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



कोवीड वैक्सीन लेते स्कुली छात्राएँ

बरही प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल बरियठ्ठा में 15 वर्ष से ऊपर के शत प्रतिशत छात्र - छात्राओं को शुक्रवार को कोविड वै. क्सीन का पहला डोज दिया गया। वैक्सीनेशन के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार भारती ने बताया कि जिस प्रकार कोरोना के अनेक वेरिएंट सामने आ रहे है। उससे बचने के लिए मास्क, वैक्सीनेशन और एक निश्चित दूरी बनाकर कर रखना बहुत जरूरी है। आगामी महीने में चूंकि आठवीं, नोवीं एवं दसवीं बोर्ड की परीक्षा होने की संभावना है। इसीलिए बच्चों का वैक्सीनेशन होना अति आवश्यक था। उन्होंने बताया कि सरकार के आदेश के अनुरूप विद्यालय बंद है, पर बच्चों का शिक्षण कार्य मे बाधा उत्पन्न न हो इसीलिए ऑनलाइन क्लास के साथ साथ विद्यालय आने वाले बच्चे के टोला में जाकर शिक्षक शिक्षिकाएं छोटे छोटे समूह में बच्चो का पठन पाठन का कार्य सम्पन्न कर रहे है। मौके पर मुख्य रूप से वैक्सीनेशन टीम की और से ऑपरेटर विजय कुमार, ए एन एम. मालती देवी, सहिया फूल देवी, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार भारती, प्रभारी शिक्षक श्याम लाल यादव एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## वाहन की चपेट में आने से चालक घायल, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



बरही थाना अंतर्गत पंचमाधव के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से ट्रक चालक घायल हो गया। घायल का नाम टीकम राम है जो जोधपुर राजस्थान का निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक अपना ट्रक को खड़ा कर रोड के किनारे खड़ा था। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। आस पास के लोगो ने घायल चालक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ से प्राथ. मिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## अंतिम संस्कार में शामिल हुए जीप प्रतिनिधि मो क्यूम




अंतिम यात्रा की तैयारी करते ग्रामीण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया निवासी केदार यादव के 95 वर्षीय दादी बाजो मोसोमात का बीते दिन निधन हो गया। इस बात की सूचना पाकर जीप प्रतिनिधि मो क्यूम मृतक के परिजनों से मिलने पहुँचे और उनका ढाँढस बंधाया। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर मुखिया दशरथ यादव, उप मुखिया सहदेव शर्मा, समाजसेवी रघु मोदी, सुरेश कुशवाहा, रंजीत प्रसाद, विजय यादव, रामेश्वर यादव, प्रयाग यादव, मणिलाल ठाकुर, कोलेश्वर यादव, सुनील यादव, सुनील कु प्रसाद एवं गांव के सैकड़ो लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मृतक परिवार से मिले बाराडीह मुखिया बैजनाथ

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



मृतक परीवार से मिलते मुखीया व ग्रामीण

बिरनी प्रखंड बाराडीह पंचायत के पिपराडीह गांव निवासी सेवक महतो 110 वर्ष की मौत की खबर सुनकर बाराडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ यादव मृतक के घर पहुंचे और हर सम्भव मदद देने की बात किये इस घटना के संबंध में बताया जाता है सेवक महतो पिता स्वर्गीय गुली महतो की मौत स्वभाविक रूप से हो गई मृतक अपने पीछे पूरे परिवार को छोड़ गए। अवसर पर मुख्य रूप से बैजनाथ यादव मनोज यादव मुस्लिम अंसारी नारायणी महतो त्रिवेणी महतो गणेश महतो विष्णु महतो उमेश यादव विजय यादव पोखन महतो गोपाल महतो समेत कई लोग पहुंचकर मृतक के परिवार को सांत्वना ढाढस बंधाया

## गिरिडीह के मधुबन और खुखरा में नक्सलियों ने उड़ाया मोबाइल टावर

**अपेम लाइवः गिरीडिह**
**रोहित कुमार**



नक्सलियों द्वारा उडाया गया मोबाइल टावर

गिरिडीह : भाकपा माओवादी ने शुक्रवार की देर रात मधुबन और पीरटांड़ थाना क्षेत्र के दो जगहों पर मोबाइल टावर उड़ा दिया. इस दौरान माओवादियों ने दोनों स्थानों पर नक्सली पर्चा भी छोड़ा है. जिसमे नक्सली नेता प्रशांत बोस और उसकी पत्नी शीला मरांडी की गिरफ्तारी का विरोध जताया है. भाकपा माआ. वादी ने शुक्रवार रात 11 बजे के करीब उग्रवाद प्रभावित पीरटांड़ थाना क्षेत्र के मधुबन व खुखरा थाना क्षेत्र के महुआटांड़ धमाका कर जियो का दो टावर ध्वस्त कर दिया. माओवादी पोलितब्यूरो के सदस्य प्रशांत बोस व उनकी पत्नी शीला मरांडी को जेल में यातना दिए जाने का आरोप लगाते हुए 21 जनवरी से झारखंड बिहार में छह दिवसीय प्रतिरोध दिवस मनाने व 27 को झारखंड -बिहार बंद करने की घोषणा रखी है.वहीं घटना के दूसरे दिन घटनास्थल में एएसपी गुलशन तिर्की और इलाके के एसडीपीओ मनोज कुमार और डुमरी इंपेक्टर आदिकांत महतो पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हो चुके हैं.

## बिजली चोरी के आरोप में ग्यारह लोगो पर गावां थाना में प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइवः गावॉ**
**मुजाहिद अली**




गावां थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली चोरी करने के आरोप में ग्यारह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। आवेदन के अनुसार ककमारी निवासी कमलेश यादव पिता सरयू यादव और दामोदर प्रसाद यादव पिता ब्रह्मदेव यादव, बिरने निवासी सहदेव यादव पिता स्व दोधी यादव, जागो यादव पिता स्व नारायण यादव, विवेक यादव पिता लालू यादव, पचिया देवी पति बैधनाथ यादव, सलमा खातून पति मो उल्फत, साढ़ा गांव निवासी अजय कुमार सिंह पिता सुदेश्वर सिंह, विनय सिंह पिता सितेश्वर सिंह, हरला निवासी राकेश यादव पिता स्व हरि यादव, शिवनारायण यादव पिता धर्म यादव ने नाम प्राथमिकी दर्ज है। छापेमारी के दौरान बबलू सिंह, मो मुमताज समेत पुलिस जवान मौजूद थे। इस संबध में थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के जेई मधुसूदन के आवेदन पर प्रा. थमिकी दर्ज कर लिया गया अब आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

## गिरिडीह विधायक ने फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रतिभागियों के बीच किया सर्टिफिकेट का वितरण

**अपेम लाइवः गिरीडिह**
**रोहित कुमार**

गिरिडीह विधायक सुदिब्य कुमार सोनू ने शनिवार को टुंडी रोड स्थित आवासीय कार्यालय में गिरिडीह जिला फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रतिभागियों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया ।मौके पर फुटबॉल संघ के झारखंड सेक्रेटरी गुलाम रब्बानी,नूरुल होदा समेत कई खिलाड़ी मौजूद रहे ।बताया गया कि यह टूर्नामेंट 31 अक्टूबर 2021 से 1 दिसंबर 2021 तक चला था ।जिसमें गिरिडीह जिला से 19 टीमों ने भाग लिया था। बताया गया कि बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिया जा रहा है ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से फरीद अंसारी,मसूद आलम उर्फ बिड्डू ,नेहाल अहमद, शब्बीर खान, लाडला, सुरेश मंडल, इरशाद आलम, सुरेंद्र पांडेय, मंगल, अनवर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।




## मजदूर की मौत मामले में खदान संचालक समेत तीन लोगों पर हुआ प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइवः गावॉ**
**मुजाहिद अली**



गावां थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के शव मिलने के मामले में गावां थाना पुलिस ने खदान संचालक समेत 3 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी गावां थाना में पदस्थापित एक चौकीदार के फर्द बयान पर दर्ज की गई है। आवेदन में कहा गया है कि तारापुर में संचालित पत्थर खदान में एक भारी पत्थर के गिर जाने से खदान में कार्यरत बिहार के नवादा जिला स्थित काशीचक थाना क्षेत्र के नूरीचक निवासी अरविंद कुमार की मौत हो गई। मामले में क्रशर संचालक माजिद खान, गुड्डू सिंह एवं खदान मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। गौरतलब हो कि घटना के बाबत मृतक के भाई राधाकृष्ण सिंह ने थाना में आवेदन देकर कहा था कि मेरे भाई की मौत भीखी घाटी के पास सड़क दुर्घटना में हो गई है। हालांकि गावां थाना पुलिस ने चौकीदार के बयान पर एफआईआर दर्ज की है। इस संबंध में गावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने कहा कि मामले में चौकीदार के फर्द बयान पर कांड संख्या 03/22 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दिनांक: 22-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर




तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।




### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## दनुआ घाटी में चलती कन्टेनर में लगी आग, बाल बाल बचे चालक उप चालक

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



प्रखंड के जीटी रोड स्थित दनुआ घाटी में चलती कंटेनर में शनिवार को श०ट सर्किट से आग लग गई। चालक सुरेंद्र सिंह ने तत्काल जीटी रोड के किनारे कंटेनर खड़ी कर नीचे कूद गया. कंटेनर गुड़गांव हरियाणा से कोलकाता, बंगाल बिजली का कलपुर्जे तथा इलेक्ट्र०निक समान लेकर जा रहा था. सूचना के बाद तत्काल थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो पुलिस जवानों के साथ दनुआ घाटी पहुंचे. उसके बाद दमकल को बुलाकर आग पर काबू पाया जा सका.थाना प्रभारी ने बताया कि चालक सुरेंद्र सिंह कानपुर देहात, यूपी का रहने वाला है. चालक ने कंटेनर के बंद ब०डी को नही खोल रहा है. जब कि बॉडी के अंदर से धुआं निकल रहा है. चालक ने पुलिस को बताया कि कंटेनर मालिक ने कहा कि कंटेनर के समान का बीमा है. तथा लॉक किया गया है. यदि लॉक खुल गया तो बीमा नही मिलेगा. पुलिस चालक के लिखित शिकायत पर स्थानीय थाना में संहा दर्ज किया जाएगा।

## विष्णुगढ़ में बिजली चोरी के नौ आरोपियों पर केस

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ में अवैध रूप से बिजली का उपभोग करने वालों के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के उपरांत नौ आरोपियों के विरूद्ध बनासो विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता कुनु राम मुर्मू की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। आरोपियों में भुताही मुरगांवो के सुनील कुमार, रमुवां के शशि कुमार, बबलू कुमार साव, अखाड़ा चौक के अजय कुमार, रामचंद्र साव, मुकेश कुमार पटेल, बैजनाथ प्रसाद महतो, दुर्गा साव, तथा रवि कुमार साव शामिल हैं। आरोपियों के बाबत बताया गया है कि बिना कनेक्शन या बकाया अधिक होने के कारण इनलोगों का विद्युत कने. क्शन विच्छेदित है। इसके बावजूद बिजली का उपभोग किया जा रहा था। आवासीय उपभोग करने के आरोपियों को 4590 रूपए तथा वाणिज्यिक उपभोग वाले आरोपियों को 11,250 रूपए क्षतिपूर्ति राशि के अलावा बकाए बिल का भुगतान करना होगा। छापेमारी दल में कनीय अभियंता के अलावा मो अब्बास अंसारी, चेतलाल महतो, भुनेश्वर महतो, मो इब्राहिम, उमेश रविदास, प्रकाश कुमार आदि शामिल थे। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर मामले का अनुसंधान कर रही है।

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का किया गया स्वागत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमियां विधायक लंबोदर महतो तथा मांडू के आजसू प्रभारी तिवारी महतो का शनिवार को विष्णुगढ़ के हॉस्पीटल चौक पर स्वागत किया गया। आजसू कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत कर



नारेबाजी की। गिरिडीह सांसद विष्णुगढ़ होते हुए अपने संसदीय क्षेत्र चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के हुरलूंग, सीधावारा आदि क्षेत्र जा रहे थे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, महादेव महतो, दीपू अकेला, गौतम वर्मा, बाबू खान, प्रकाश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## जोबर में जरूरतमंदों के बीच 100 कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



कंबल का वितरण करते पंचायत ग्राम प्रधान समेत अन्य

प्रखंड के जोबर पंचायत भवन में शनिवार को मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए 100 कंबल वितरण किया गया। सभी कंबल जरूरतमंद गरीब, असहाय, विधवा व बुजुर्गों को दिया गया। मौके पर जोबर पंचायत के कार्यकारी प्रधान मुनीलाल महतो ने कहा कि भीषण शीतलहर को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। इससे जरूरतमंदों को राहत मिलेगी। मौके पर उपमुखिया प्रतिनिधि टहल महतो, दुलारचंद महतो, कैलाश महतो, जानकी महतो, मनोहर महतो, नागेश्वर महतो, पोखलाल महतो, मिथिलेश कुमार समेत कई वार्ड सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को कान्हाचट्टी के सहायक शिक्षकों ने दिया बधाई

### शिक्षकों ने मिठाई बाटकर एवं रंगा-रंग होली खेलकर जाहिर किया खुशियां

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी प्रखंड के पारा शिक्षकों अब सहायक शिक्षकों ने शनिवार को शायल बगीचे में एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्णा पा. सवान एवं प्रखण्ड अध्यक्ष मिथलेश पांडेय एवं संच. ालन रामाधीन यादव ने किया।बैठक के बाद झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री श्री जगरनाथ महतो को प्रखंड के सभी शिक्षकों ने बधाई दिया। बताते चले मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने कैबिनेट मे सभी शिक्षकों को (सहायक अध्यापक) नाम दिया, इसी को लेकर प्रखंड के शिक्षकों ने कान्हाचट्टी के साइल. बगीचा मे बैठकर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को बधाई देते हुवे संघ के चतरा जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार पासवान को प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश कुमार पाण्डेय ने माला पहनाकर स्वागत किया, सभी शिक्षक, शिक्षीकाओ ने रंगारंग होली मिलन समारोह कार्यक्रम कर शिक्षकों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई दिए ततपश्चात प्रखंड मे मिठाई बाटकर खुशियाँ मनाया है कार्यक्रम मे शामिल, चतरा जिलाध्यक्ष कुमार पासवान, प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश कुमार पांडे, प्रखंड सचिव रामाधिन यादव,सभी सी आर सी अध्यक्ष, सहायक अध्यापक,हेमराज ठाकुर, बसंत राणा, सतेंद्र सिंह,के अलावे कार्यक्रम मे सैकड़ो शिक्षक शामिल हुवे

## भोजपुरी, मगही और अंगिका को क्षेत्रीय भाषा में शामिल करने को लेकर विरोध प्रदर्शन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




स्थानीय नीति के विरोध में प्रदर्शन करते मूलवासी संगठन के लोग

भोजपुरी, मगही एवं अंगिका को झारखंड की क्षेत्रीय भाषा में शामिल करने के विरोध में शनिवार को विष्णुगढ़ में मूलवासी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। मूलवासी संगठन के कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर सरकार के विरोध में नारेबाजी करते ह०स्पीटल चौक होते हुए सातमील मोड़ पहुंचे और मुख्मंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। कार्यकारी जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल ने कहा कि झारखंड में भोजपुरी, मगही और अंगिका को क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करना झारखंडी अस्मिता के साथ छल है। हमारे पूर्वजों ने अलग झारखंड यहां की मूल भाषा, संस्कृति, जल, जमीन और जंगल को सुरक्षित और संरक्षित रखने के उद्देश्य से की थी। वहीं, वर्तमान सरकार झारखंडी मूल भावना को खत्म कर बाहरी लोगों को झारखंड में स्थान देने का प्रयास कर रही है। प्रेमचंद महतो ने कहा कि चुनाव से पूर्व हेमंत सोरेन झारखंडी जनता से यहां की मूल संस्कृति, सभ्यता और भाषा को प्राथमिकता देने का वादा किया था। इसे अब सरकार भूल रही है। भाजयुमो महामंत्री महेन्द्र महतो ने कहा कि सरकार ने कहा था कि 1932 का खतियान लागू कर यहां के मूल बाशिंदों को पूर्ण अधिकार दिया जाएगा। अब सरकार अपने वादों से मुकरते हुए ना तो भाषा, सभ्यता, संस्कृति को झारखंड में जगह दे रही है और न 1932 का खतियान लागू कर पा रही है। विरोध प्रदर्शन में संतोष कुमार महतो, प्रेमचन्द महतो, गुलाब शंकर महतो, हिरामन महतो, महेंद्र राम, किशुन महतो, दामोदर महतो, बालेश्वर महतो, महेंद्र कुमार, महादेव महतो, तुलसी पटेल, गंगाधर महतो, सिकंदर कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## कोयला तस्करी में शामिल तीन बाइक जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने कोयला तस्करी में शामिल तीन बाइक को जब्त किया है। वहीं, बाइक में लदी 36 बोरियों में बंद अवैध स्टीम कोयले को भी पुलिस ने जब्त किया है। सभी आरोपी तस्कर भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी जगलाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कोयला तस्करों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें डोमाबेड़ा जंगल में झंडी से तिलैया जाने वाली ग्रामीण सड़क पर सभी बाइक को जब्त किया गया। कोयला तस्कर पुलिस को देखते हीं बाइक छोड़कर फरार हो गए। बरामद कोयले का वजन करीब एक टन है। आरोप के बाबत सभी बाइक मालिक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

APEM LIVE